
www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# संजना भारती
आपका भरोसा, हमारी ताकत
RNI No. : DELHIN/2016/70240



2 कीनाराम अघोर पीठ की शाखा झखरा में...
3 फ्रॉड करने वाले हर दिन ढुंढते है नए तरीके, उनसे...
4 हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए...

वर्ष: 9 | अंक: 109 | दिल्ली, बुधवार, 12 फरवरी 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

**संक्षिप्त समाचार**

### चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश–ईवीएम से डेटा डिलीट न करें

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से उस याचिका पर 15 दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है, जिसमें पोल पैनल को ईवीएम की जली हुई मेमोरी की जांच और सत्यापन को उनकी मानक संचालन प्रक्रियाओं में शामिल करने का निर्देश देने की मांग की गई है। कृपया डेटा मिटाएं नहीं और डेटा पुनः लोड करें। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि किसी को जांच करने दीजिए। आवेदन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा दायर किया गया था।

# एआई दूसरी टेक्नोलॉजी से है काफी अलग, सतर्क रहने की जरूरत: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

■ भारत एआई को अपनाने के साथ डेटा गोपनीयता का प्रौद्योगिकी-कानूनी आधार तैयार करने में है आगे-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



**संजना भारती/पीआईबी**

**नई दिल्ली।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बहुप्रतीक्षित एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एआई दूसरी टेक्नोलॉजी से काफी अलग है और इससे सतर्क रहने की भी जरूरत है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का विकास काफी तेज रफ्तार से हो रहा है। भारत अपना अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने के लिए तैयार है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एआई का भविष्य सबके लिए अच्छा हो।

आगे प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एआई को अपनाने के साथ डेटा गोपनीयता का प्रौद्योगिकी-कानूनी आधार तैयार करने में भी आगे है। हम सार्वजनिक भलाई के लिए एआई एप्लीकेशन्स विकसित कर रहे हैं। भारत ने अपने 1.4 अरब से अधिक लोगों के लिए बहुत कम लागत पर डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को सफलतापूर्वक तैयार किया है। हमें एआई से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए वैश्विक मानकों की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने और मुझे इसकी सह-अध्यक्षता के लिए आमंत्रित करने के लिए अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों का आभारी हूं। एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और यहां तक कि हमारे समाज को नया आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है।' हमें अपने संसाधनों और प्रतिभाओं को एक साथ लाना चाहिए और ओपन सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाए। हमें साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीप फेक से संबंधित चिंताओं को दूर करना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'एआई को लेकर सबसे ज्यादा डर नौकरियां जाने का है लेकिन इतिहास ने दिखाया है कि टेक्नोलॉजी की वजह से काम कहीं नहीं जाता। समय के साथ नौकरियों का नेचर बदलता है और नई तरह की नौकरियां पैदा होती हैं। भविष्य के लिए हमें अपने लोगों के स्किल और रि-स्किल में निवेश करने की जरूरत है।'

## सूरजकुंड मेले में कलाकारों ने चौपाल पर बिखेरी कला और संस्कृति की छटा

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** 38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की विभिन्न चौपालों पर देश-विदेश से आए कलाकार अपनी समृद्ध संस्कृति की छटा बिखेर रहे हैं। मंगलवार को छोटी और बड़ी चौपाल पर विभिन्न राज्य और देशों के कलाकारों ने गायन, वादन व नृत्य कला से दिनभर पर्यटकों का मनोरंजन किया। मुख्य चौपाल पर मध्यप्रदेश के कलाकारों ने घनघोर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं कोमोरोस से आए कलाकारों ने उत्सव नृत्य कर चौपाल में बैठे पर्यटकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। थीम स्टेट ओडिशा के कलाकारों ने छऊ नृत्य की प्रस्तुति दी। यह नृत्य भारत का एक लोकप्रिय जनजातीय नृत्य है। यह नृत्य मार्शल आर्ट और लोक परंपराओं से प्रेरित है। वहीं असम से आए कलाकारों ने बीहू नृत्य से दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। घाना से आए कलाकारों ने नकाबोम डांस की प्रस्तुति दी और किर्गिस्तान ने अरूके नृत्य की प्रस्तुति दी।



## प्रयागराज में अधिकारियों से नाराज हुए सीएम योगी

(एजेन्सी)।

**प्रयागराज।** महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में ट्रैफिक जाम को लेकर समीक्षा बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कथित तौर पर अधिकारियों से नाराज हो गए। समीक्षा बैठक के दौरान वह एडीजी रैंक के दो अधिकारियों पर नाराज हो गए और उन्होंने प्रयागराज के एडीजी भानु भास्कर से कहा कि आपके ऊपर इतनी बड़ी जिम्मेदारी है और आप अपनी जिम्मेदारी से कैसे बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी न कि अपनी जिम्मेदारी दूसरों पर डालनी होगी। मुख्यमंत्री ने एडीजी से पूछा कि जब इतना ट्रैफिक था, आपका काम बंद होने वाला है तो आप और आपकी टीम क्या कर रही थी? हर कोई जानता है कि छुट्टियों पर भीड़ होती है, तो आपने शनिवार और रविवार को क्या व्यवस्था की है? यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब माघ पूर्णिमा से पहले प्रयागराज में बड़े पैमाने पर ट्रैफिक जाम देखा गया था। इस बीच, उत्तर प्रदेश ने कहा कि उसने धार्मिक समागम के लिए 450 मिलियन श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने का लक्ष्य हासिल कर लिया है।



## शिक्षकों का उन्हीं के क्षेत्र के स्कूलों में हो सकेगा तबादला: महीपाल ढांडा

### 14 हजार सरकारी स्कूलों में है एक लाख शिक्षक


**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को इसी वर्ष लागू किया जाएगा। प्रदेश के 14 हजार सरकारी स्कूलों के 22 लाख विद्यार्थियों के शिक्षा के स्तर को और बेहतर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत प्रदेश के करीब एक लाख शिक्षकों का टीचर ट्रांसफर पॉलिसी के तहत 31 मई 2025 तक ट्रांसफर करना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि शिक्षकों को अपने जिले के ब्लाक के स्कूलों में तरजीह दी जाएगी, ताकि सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम और बेहतर हो सके। पदों का रेशनेलाइजेशन का काम शुरू कर दिया गया है, जिसे 7 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। पहले चरण में पीएम श्री व माडल संस्कृति स्कूलों में और इसके बाद अन्य सभी स्कूलों में शिक्षकों का ट्रांसफर किया जाएगा।



शिक्षा मंत्री यहां स्कूल एजुकेशन के अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्रदेश के 1497 पीएमश्री, मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी व हाई स्कूलों की लैब, कमरों, चारदीवारी बनाने कार्यों की समीक्षा की गई। इन स्कूलों में बजट जारी करके मार्च 2026 तक कार्य को पूरा करना सुनिश्चित किया जाएगा। स्कूलों में कंप्यूटर लैब, अटल टिंगरी लैब, वोकेशनल लैब व ओपन जिम की व्यवस्था की जाएगी।

शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी स्कूलों में खिलाड़ियों को बेहतर खेल के मैदान व खेल उपकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी प्रिंसिपल को पत्र लिखकर रिपोर्ट मांगी जाए कि स्कूल में खेल के मैदान की क्या स्थिति है, कौन से स्कूल में किस खेल के खिलाड़ियों ने कितने पदक जीते हैं, साथ में पीटीआई व डीपीई ने कितने खिलाड़ियों को तैयार में करने में योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि कमजोर प्रदर्शन वाले शिक्षकों पर नजर रखी जाएगी। वे स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा साइंस लैब बनाई जाएंगी, ताकि हमारे होनहार विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का मनवा सकें। इसी तरह से आर्ट क्राफ्ट के बच्चों की प्रतिभा को भी निखारा जाएगा। बैठक में स्कूल एजुकेशन के प्रिंसिपल सेक्रेटरी पंकज अग्रवाल व निदेशक सेकेंडरी एजुकेशन जितेंद्र दहिया व अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# सम्पादकीय

## पतन का समय

**देश** की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का उभार और कांग्रेस सहित कई क्षेत्रीय दलों का पतन काफी कुछ कहता है। भले ही हार से बौखलाए मोदी और बीजेपी विरोधी नेता चुनाव में धांधली का आरोप लगा रहे हों? सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की बात करते हों? लेकिन ऐसा नहीं है कि विरोधियों को अपनी राजनैतिक कमजोरी और सियासी अपरिपक्वता का अहसास नहीं है, लेकिन बार-बार पराजित हो रहे यह नेता सच्चाई स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। जबकि सच्चाई यह है कि बीजेपी को छोड़कर देश की किसी भी राजनैतिक दल में लोकतांत्रिक व्यवस्था ही नहीं है। इसमें देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस सहित बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, बीजू जनता दल, उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की एनसीपी, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियों की लम्बी चौड़ी लिस्ट हैं। अब इसमें नया नाम कट्टर ईमानरदार आम आदमी पार्टी का भी जुड़ गया है। हालांकि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हार के लिये अभी तक ईवीएम मशीन या सरकारी मशीनरी पर किसी तरह की धांधली का आरोप नहीं लगाया है, जबकि उसी समय उत्तर प्रदेश में अयोध्या की चर्चित मिल्कीपुर विधान सभा सीट पर मिली जबर्दस्त हार के बाद समाजवादी पार्टी का प्रलाप लगातार जारी है। ऐसा ही प्रलाप कांग्रेस अध्यक्ष खरगे,नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सहित उनकी पार्टी के तमाम नेता भी करते रहते हैं। हालात यह है कि हार से बौखला कर मोदी विरोधी नेता उन्हें (मोदी) और बीजेपी को ही नहीं चुनाव आयोग,सीबीआई,ईडी जैसी एजेंसियों के खिलाफ भी भड़ास निकालते रहते हैं। यह नेता मोदी को नीचा दिखाने के लिये देश की छवि भी खराब करने से नहीं चूकते हैं। इसमें विदेश से पढ़ाई करके आने वाले टेक्नोटेक सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आईआरएस रह चुके अरविंद केजरीवाल जैसे पढ़े लिखे नेता शामिल हैं तो बिहार में लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव भी आरोप-प्रत्यारोप वाली सियासत से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने अपनी आभा को एकदम मटियामेट कर दिया है। जो केजरीवाल 12 साल पहले यूथ आइकॉन बनकर उभरे थे, वे अब धूल में लथपथ पड़े हैं। विधान सभा में दिल्ली का मालिक मैं हूं जैसे अहंकारी बयान देने वाले और हरियाणा सरकार पर यमुना नदी में जहर मिलाने का आरोप लगाकर अपनी फजीहत करा चुके अरविंद केजरीवाल दिल्ली जैसे आधे-अधूरे राज्य का मुख्यमंत्री रहने के बाद प्रधानमंत्री का ख्वाब देखने लगे थे मगर अब वे विधायकी भी गंवा बैठे। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, कि अरविंद जिस तेजी से राजनीति में चमके थे उसी तत्परता से औंधे मुंह जा गिरे। अब उनका कोई भविष्य नहीं है और इसकी वजह है उनका बड़बोलापन और भरोसे की राजनीति न करना एवं उनकी अवसरवादिता। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से अधिक भद्द राहुल गांधी की पिटी है। पिछले कई चुनावों से दिल्ली में शून्य सीटों का रिकॉर्ड राहुल गांधी और कांग्रेस के नाम दर्ज है। अरविंद केजरीवाल की तरह ही नेताजी मुलायम सिंह यादव की राजनैतिक विरासत संभाले हुए अखिलेश यादव की है। 2012 के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद तत्कालीन सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने अपनी जगह अपने बेटे अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा दिया था, जबकि अनुभव के नाम पर अखिलेश खाली हाथ थे। इसके बाद अखिलेश यादव अपने दम पर भले ही राजनीति में कुछ खास नहीं कर पाये हों, लेकिन उनके बड़बोलेपन और अपनी हार का ठीकरा दूसरों के सिर फोड़ने की महारथ के चलते खूब नाम कमा रहे हैं। विवादित बयानबाजी की बात की जाये तो अखिलेश यादव अपने अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद को अयोध्या का नया राजा कहकर प्रभु श्रीराम और उनके भक्तों का उपहास उड़ाने के चक्कर में खुद फजीहत करा बैठते हैं। उन्हें ट्रॉफी की तरह अपने साथ लेकर घूमते थे, लेकिन मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद अखिलेश अपने होश खो बैठे हैं। सपा नेता हार से इतना बौखला गये हैं कि पार्टी के महासचिव प्रो रामगोपाल यादव तो यूपी के सरकारी अधिकारियों को ही नसीहत देने लगे हैं कि वह मुख्यमंत्री योगी जी का आदेश सुनने की बजाये उन्हें नसीहत दें। अखिलेश यादव से लेकर शिवपाल यादव, रामगोपाल यादव हताशा में डूबते जा रहे हैं। रामगोपाल तो अयोध्या में रामलला के मंदिर को भी बेकार कह चुके हैं। सपा के तमाम नेता महाकुंभ में कथित अव्यवस्था को लेकर भी लगातार सीएम पर हमलावर हैं, लेकिन इससे समाजवादी पार्टी को हासिल क्या हो रहा है, यह प्रश्न चिन्ह बना हुआ है। क्योंकि समाजवादी पार्टी का पीडीए पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। मिल्कीपुर में तो सपा को यादवों तक का वोट नहीं मिला।

### जयंती


#### दयानंद सरस्वती



जन्म-12 फरवरी, 1824-गुजरात, भारत; मृत्यु-30 अक्टूबर, 1883 अजमेर, राजस्थान) आर्य समाज के प्रवर्तक और प्रखर सुधारवादी संन्यासी थे। जिस समय केशवचन्द्र सेन ब्रह्मसमाज के प्रचार में संलग्न थे लगभग उसी समय दण्डी स्वामी विरजानन्द की मथुरा पुरी स्थित कुटी से प्रचण्ड अग्निशिखा के समान तपोबल से प्रज्वलित, वेदविद्यानिधान एक संन्यासी निकला, जिसने पहले-पहल संस्कृतज्ञ विद्वात्संसार को वेदार्थ और शास्त्रार्थ के लिए ललकारा। यह संन्यासी स्वामी दयानन्द सरस्वती थे।

### पुण्यतिथि

#### सूफी अम्बा प्रसाद



जन्म-1858 ई., मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश; मृत्यु-12 फरवरी, 1919, ईरान) भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी नेता, महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थे। इनकी क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण ब्रिटिश सरकार ने इन्हें वर्ष 1897 और 1907 में फाँसी की सजा सुनाई थी। किंतु दोनों ही बार फाँसी से बचने के लिए सूफी अम्बा प्रसाद ईरान भाग गये। ईरान में ये 'गदर पार्टी' के अग्रणी नेता थे। ये अपने सम्पूर्ण जीवन काल में वामपंथी रहे। सूफी अम्बा प्रसाद का मकबरा ईरान के शीराज शहर में बना हुआ है।

### कल मिलेंगे

राजू पहाड़ों पर पैराशूट बेच रहा था
**एक ग्राहक**-अगर पैराशूट नहीं खुला तो?
**राजू**-तो आपके पूरे पैसे वापस.

**संजना भारती दैनिक**

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।
**RNI No. : DELHIN/2016/70240**
**Phone No.: 9871221635**
**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com
(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

**तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। नैतिक मूल्यों के बिना ज्ञान न केवल बेकार हैं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक हैं। यही कारण है कि हमारी युवापीढ़ी बड़ी दुविधा में हैय उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है**

-ललित गर्ग

**इंटरनेट** मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निमार्ताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है।

तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थित भि है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं।

रात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है। इस प्रकार के सोशल मीडिया अकाउंट बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। समाज में पैसे का लोभ दिखाकर अश्लील शार्ट फिल्म और वेब सीरीज का गोरखधंधा धडल्ले से चल रहा है। मोबाइल एप्स और ओटीटी वेब पोर्टल पर अश्लील एवं संस्कृति विरोधी कंटेंट निर्बाध रूप से होना सरकार की बड़ी नाकामी है। यही कारण है कि ऐसे सभी प्रकार के मोबाइल एप्स और वेब पोर्टल पर भी सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।

तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। नैतिक मूल्यों के बिना ज्ञान न केवल बेकार हैं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक हैं। यही कारण है कि हमारी युवापीढ़ी बड़ी दुविधा में हैय उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दिग्भ्रमित किया जाता है, जिससे वर्तमान भारतीय समाज न केवल प्रभावित होता है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऐसे अनेक प्रकार के अश्लील कंटेंट देखे जा सकते हैं जिसमें अश्लीलता के माध्यम से भारतीय परिवार व्यवस्था को नष्ट करने का काम भी षडयंत्रपूर्वक किया जा रहा है। जिसकी चर्चा समाज के भीतर प्रबुद्ध लोगों को करने की आवश्यकता है ताकि समय पर जागरूकता के साथ समाज और परिवार को गर्त में जाने से रोका जा सकता है।

दरअसल, साल 2021 में रणवीर इलाहाबादिया ने महिलाओं के कपड़ों पर सेक्सिएस्ट कमेंट किया था, जिसकी वजह से उस समय भी सोशल मीडिया पर बवाल खड़ा हो गया था। इस दौरान उन्हें लोगों ने बुरी तरह से ट्रोल किया था। उन्होंने एक ट्वीट करते हुए लिखा था कि कुर्ती पहनने वाली महिलाएं, पुरुषों को घुटने टेकने पर मजबूर कर देती हैं। रणवीर की इस पोस्ट के कारण उन्हें महिलाओं का भारी विरोध झेलना पड़ा। बावजूद इसके वे नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की कोशिशों में लगातार संलग्न रहे हैं। जो व्यक्ति सनातन धर्म और आध्यात्मिकता की बात करता है और बड़ी हस्तियों को अपने शो में बुलाता है, वह ऐसी विकृत मानसिकता कैसे रख सकता है? शर्म जब बिकाऊ हो जाती है तब शर्म नहीं रहती, व्यापार हो जाती है। अभी तराजू के एक पलडे. में रुपया है और दूसरे पलडे. में नैतिकता, लज्जा, शालीनता, मूल्य और संस्कृति है। देह से जो पवित्र अभिव्यक्ति होती है, वह गायब है। देह को केवल चर्म मान लिया जाता है और चर्म का प्रदर्शन चर्म तक पहुंच गया है। बड़ी-बडी. कम्पनियां इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म के सहारे अपना अश्लील उत्पाद बेच रही हैं और यूट्यूब जैसे कार्यक्रमों को प्रायोजित कर रही हैं। उनके लिए सब कुछ रुपया है। जीवन मूल्यों एवं संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं है। बहुत विस्फोटक स्थित हि गई है। अगर ऐसे विकृत मानसिकता के लोगों की विकृति प्रसार की घटनाओं को नजरअंदाज किया गया तो अगली पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। भारतीय संस्कृति को बचाने और लोगों को अच्छी चीजों के लिए प्रेरित करने के लिये सोशल मीडिया सशक्त माध्यम बन सकता है, लेकिन ऐसे रणवीर इलाहाबादिया से सोशल मीडिया को मुक्त करके ही यह संभव है।

सोशल मीडिया को नैतिक, मर्यादित एवं शालीन बनाने की जरूरत है। नैतिक मूल्यों का ह्रास होना नये भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत की एक बड़ी बाधा है। क्योंकि अधिकांश युवा पीढ़ी धीरे-धीरे नैतिक मूल्यों की अवहेलना कर रही हैं। यही कारण आप अपने माता-पिता के बारे में किस तरह की बातें शेयर कर रहे हैं? क्या ये कॉमेडी है? ये बिल्कुल भी कॉमेडी नहीं है। ये स्टैंड-अप कॉमेडी नहीं हो सकती। लोगों को गाली देना सिखाना, अश्लीलता परोसना, नारी की अस्मिता को कुचलना एवं माता-पिता की छवि को धुंधलाना ऐसी विकृतियां हैं जो देश को संस्कृति-विहीन बनाती है, कमजोर करती है।

-लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार

# उत्तर पूर्वी जिला की पांचो विधानसभा में भाजपा का रहा शानदार प्रदर्शन

■ 'अब यमुनामैया की होगी सफाई, कुछ ही सालों में यमुना रिवर फ्रंट बनाएंगे'

■ दिल्ली की जीत में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान है-दीपक चौहान



संजना भारती संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर पूर्वी जिला के अंतर्गत आने वाली पांचो विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं व संगठन द्वारा किए गए कठिन परिश्रम के कारण प्रचंड जीत हासिल की है। जीत के उपरांत उत्तर पूर्वी जिला कार्यालय पर पांचो विधानसभा प्रत्याशियों घोंडा अजय महावर, करावल नगर कपिल मिश्रा, तिमारपुर सूर्य प्रकाश खत्री, सीलमपुर अनिल गौड, बुराड़ी शैलेन्द्र सिंह के शानदार प्रदर्शन पर उनको बधाई व समस्त उत्तर पूर्वी जिला के भाजपा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिला अध्यक्ष पूनम चौहान ने बताया की हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्लीवासियों को खासकर दिल्ली में रहने वाली महिलाओं को जो गारंटिया दी है वह जनता ने स्वीकारी हैं और अपना मत भाजपा के पक्ष में 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा सरकार बनाने में योगदान प्रदान किया है। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बनायी नीतियों के कारण हम सफल हुए। अन्य प्रदेशो के प्रवाशी एमपी, एमएलए, एमएलसी को भी बधाई और धन्यवाद दिया। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता दिल्ली चुनाव के लिए सालों से मेहनत कर रहा है और माइक्रो मैनेजमेंट के कारण आज हमने उत्तर पूर्वी जिले में ही नहीं अपितु पूरी दिल्ली में 48 सीट पाकर एक प्रचंड बहुमत को हासिल किया है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं संगठन महामंत्री पवन राणा के कुशल नेतृत्व और उनके द्वारा प्रशस्तमार्ग पर चलकर ने संगठन द्वारा दिए गए माइक्रो मैनेजमेंट पर काम किया और नतीजा हुआ कि जनता ने भाजपा को 48 सीट देकर दिल्ली में कमल खिलाने का काम किया। अब यह स्पष्ट है कि दिल्ली में डबल इंजन की सरकार है। किए हुए वादों पर कार्य योजना बननी शुरू हो चुकी है। यमुनामैया की सफाई होगी। कुछ ही सालों में यमुना रिवर फ्रंट बनाएंगे। दिल्ली को धुएं और प्रदूषण से मुक्त कराएंगे, दिल्ली की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे, शिक्षा को मजबूती प्रदान होगी, स्कूलों की हालत में सुधार आएगा, अस्पतालों में लंबी लाइनों से छुटकारा मिलेगा, झुग्गी वासियों के लिए बेहतर कार्य किये जाएंगे, दूषित जल को शुद्ध करेंगे नल के द्वारा हर घर में अब जल पहुंचाने का कार्य बीजेपी करेगी, बिजली कंपनियों की मनमानी पर लगाम लगाई जाएगी व अन्य दिल्ली से जुड़े हुए मुद्दे मेनिफेस्टो में दिए हैं और जो गारंटी दिल्ली की जनता को शीर्षनेतृत्व ने दी है उन सब गारंटीयों पर खरा उतर कर दिल्ली की जनता को एक बेहतर राजधानी बनाकर देंगे, विकसित भारत की कल्पना को साकार करेंगे।

इस अवसर पर मीडिया प्रभारी दीपक चौहान ने समस्त मीडिया भाई बहन को बधाई दी और बताया कि दिल्ली की जीत में मीडिया का भी बहुत बड़ा योगदान है मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और सत्य तथा निष्पक्षता से जिस प्रकार मीडिया ने दिल्ली सरकार की बखियाउधेडी है और भाजपा द्वारा दिए हुए विजन को दिल्ली की जनता तक पहुंचाया है उसी का नतीजा है कि आज दिल्ली की जनता ने 27 साल बाद दिल्ली में कमल खिलाकर विकास की डगर को थामा है।

इस सम्मान समारोह में समस्त कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे। जिले के उपाध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह, गुलाब सिंह राठौर, राहुल गौर, सचिन मावी, रंजन त्यागी, मीडिया प्रभारी दीपक चौहान, जगत नारायण गुप्ता, अनंत गोपाल बिट्ठू, रजनी सोढ़ी, ठा. बॉबी शेर सिंह, सौरभ, चातक, वंश पांडे, अमर राय, आदेश अग्रवाल, व समस्त कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# कीनाराम अघोर पीठ की शाखा झखरा में मनाया गया अभिषेक दिवस

■ बेला एवं मझार में आयोजित हुआ विशाल भंडारा

एसबी ब्यूरो प्रमुख
रजनीश कुमार पुष्कर

**मोतिहारी।** अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान के द्वारा 10 फरवरी को संस्था के स्थापना दिवस सह अघोरेश्वर सिद्धार्थ गौतम राम के अभिषेक दिवस एवं अघोरेश्वर राजेश्वर राम बाबा के महानिर्वाण दिवस के अवसर पर शाखा झखरा मठ, पिपरा कोठी, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी, बिहार द्वारा सफल योनि का पाठ एवं हवन-पूजन किया गया। इस अवसर पर शाखा से दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित बेला एवं मझार गांव में अत्यंत जरूरतमंदों के बीच भंडारा कराया गया। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए साथ ही साथ अत्यंत जरूरतमंदों, बेसहारा, गरीब एवं विधवा महिलाओं में साड़ी वितरण किया गया।

इस अवसर पर झखरा मठ के संचालक श्री प्रकाश राम बाबा ने सबको ईश्वर भक्ति और जरूरतमंदों की मदद के लिए अपने गुरु भाइयों एवं अनुयायियों को प्रेरित किया साथ ही आने वाले समय में समाज के सबसे पिछले तबके के उत्थान के लिए अन्य योजनाओं की भी बात कही। झखरा की समाजसेवी श्रीमति विभा शर्मा ने भी इस पुनीत कार्य में बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया।







## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# डिजिटल युग करता है विश्वास और पारदर्शिता की मांग-जयशंकर

(एजेन्सी)।

**14वीं** भारतीय फ्रांस सीईओ बैठक में बोलते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि हम स्वतंत्र मानसिकता की परंपरा वाले दो राष्ट्र हैं। इसे अलग-अलग समय पर तीसरे तरीके के रूप में, रणनीतिक स्वायत्तता के रूप में, या एक बहुध्रुवीय दुनिया के रूप में व्यक्त किया गया है...हम एक-दूसरे की स्थिति को मजबूत करने और अपने सहयोग को समकालीन विश्व मामलों का एक महत्वपूर्ण तत्व बनाने के लिए भी सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। जितना अधिक हम एक-दूसरे के साथ करते हैं, उतना ही हम अपनी स्थिति मजबूत करते हैं, और उतना ही महत्वपूर्ण, अस्थिर और अनिश्चित समय में वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद करते हैं।

जयशंकर ने कहा कि साझेदारी का वास्तविक अर्थ तभी होता है जब वे जमीन पर उतरती हैं और यह जिम्मेदारी काफी हद तक व्यवसाय जगत में आप सभी की है। जैसे-जैसे हमारे संबंध परिपक्व हो रहे हैं, व्यवसाय की भूमिका का विस्तार हो रहा है। हम खरीदार-विक्रेता चरण से अधिक सहयोग की ओर बढ़ रहे हैं, यहां तक कि सह-डिजाइनिंग और सह-उत्पादन की ओर भी, मेक इन इंडिया पहल ने इस संबंध में कई नई संभावनाएं खोली हैं। जयशंकर ने कहा कि हम एआई एक्शन समिट के मौके पर मिल रहे हैं। डिजिटल युग विश्वास और पारदर्शिता की मांग करता है। ये वास्तव में हमारे बीच साझा गुण हैं। शिखर सम्मेलन अपने आप में एक अनुस्मारक है कि हम एआई, सॉफ्टवेयर विकास और साइबर सुरक्षा में कितना कुछ कर सकते हैं। 2026 को भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष नामित किया गया है। समान रूप से, हमें इस प्रमुख क्षेत्र में वैश्विक प्रवचन को आकार देने की जरूरत है, केवल एक बहुध्रुवीय दुनिया यह सुनिश्चित कर सकती है कि एआई कम से कम पूर्वाग्रह के साथ विकसित हो।

# देश में पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 10 वर्ष में 10 लाख होने की उम्मीद: पीयूष गोयल

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश में उभरते उद्यमियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों से अगले 10 वर्ष में सरकार द्वारा पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 10 लाख होने की उम्मीद है। देश में वर्तमान में 1.57 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं, जबकि 2016 में इनकी संख्या 450 थी। सरकार ने नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए देश में एक मजबूत परिवेश बनाने के इरादे से 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की थी। सरकार की पात्रता शर्तों के अनुसार, स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत इकाइयों को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी जाती है। ये इकाइयां स्टार्टअप इंडिया कार्य योजना के तहत कर तथा गैर-कर प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। गोयल ने यहां भारत-इजराइल व्यापार मंच की बैठक में कहा, हमारे पास दुनिया में तीसरा सबसे बड़े स्टार्टअप परिवेश है, जहां पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या नौ वर्षों में 450 से बढ़कर आज 1.57 लाख हो गई है। अगले 10 वर्षों में, हम इसे 10 लाख तक ले जाने की उम्मीद करते हैं।

मंत्री ने कहा कि यहां कंपनियों के लिए बड़े कारोबारी अवसर मौजूद हैं। भारत 1.4 अरब लोगों का विशाल घरेलू बाजार प्रदान करता है। इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर एम. बरकत के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय इजराइली व्यापार प्रतिनिधिमंडल, भारत-इजराइल व्यापार मंच और भारत-इजराइल सीईओ मंच की बैठकों के लिए यहां आया हुआ है। दोनों पक्ष दोनों देशों के बीच व्यापार व निवेश को और बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। वे आर्थिक सहयोग, प्रौद्योगिकी सहयोग और निवेश के अवसरों के नए रास्ते तलाश रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में इजराइली उद्यम व प्रौद्योगिकी, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, कृषि प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, जल प्रबंधन, रसद व खुदरा जैसे क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल हैं। भारत में इजराइली निवेश बढ़ रहा है, विभिन्न इजराइली कंपनियां अक्षय ऊर्जा, जल प्रौद्योगिकी, रक्षा व विनिर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही हैं। इसी तरह, भारतीय कंपनियों ने इजराइल में महत्वपूर्ण प्रगति की है, खासकर औषधि, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में। भारत और इजराइल के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में घटकर 6.53 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया था जो 2022-23 में 10.77 अरब अमेरिकी डॉलर था। भारत को अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 की अवधि के दौरान इजराइल से 32.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त हुआ।

# मुंबई ने हरियाणा को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

(एजेन्सी)।

**रणजी** ट्रॉफी 2025 को दूसरा सेमीफाइनलिस्ट मिल गया है। दरअसल, टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल 3 में मंगलवार को डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई ने हरिणाया को 153 रन से रौंध दिया। इस जीत के साथ मुंबई ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। फास्ट गेंदबाज ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर और कप्तान अजिंक्या रहाणे ने मुंबई की इस जीत के अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में 315 रन बनाने वाली मुंबई ने दूसरी पारी में 339 रन बनाए। हरियाणा को 354 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में हरियाणा की टीम 201 रनों पर सिमट गई। मुंबई के लिए दूसरी पारी में रॉयस्टन डायस ने सबसे ज्यादा 5 विकेट बनाए। पहली पारी में 6 विकेट लेने वाले शार्दुल ठाकुर ने दूसरी पारी में 3 विकेट लिए। उन्होंने कुल 9 विकेट झटके। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे पहली पारी में अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए थे। उन्होंने 31 रन बनाए थे।

# समय रैना, रणवीर अल्लाहबादिया को जांच अधिकारी के सामने पेश होने का आदेश

(एजेन्सी)। ताजा घटनाक्रम में मुंबई पुलिस ने मंगलवार को कॉमेडियन समय रैना और यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया से संपर्क किया। उन्हें इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद में अपना पक्ष रखने के लिए जांच अधिकारी के सामने पेश होने को कहा गया है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है। शो में कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के लिए सोमवार को मुंबई कमिश्नर और महाराष्ट्र महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई गई थी। यह तब हुआ जब शो में अल्लाहबादिया द्वारा किए गए अनुचित मजाक को लेकर सोशल मीडिया यूजर्स, राजनेताओं और मशहूर हस्तियों के निशाने पर द रिबेल किड के नाम से मशहूर अपूर्व मुखीजा के साथ दोनों के निशाने पर आ गए। पैनल में आशीष चंचलानी और जसप्रीत सिंह भी थे, इस एपिसोड को भी सोमवार रात को यूट्यूब से हटा दिया गया। कथित तौर पर आपत्तिजनक भाषा की शिकायतों के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने यूट्यूब को वीडियो हटाने का निर्देश दिया। चल रहे विवाद को देखते हुए शो के निमार्ताओं ने बहुचर्चित एपिसोड को हटा दिया।

# फ्रॉड करने वाले हर दिन ढुंढते है नए तरीके, उनसे सचेत और जागरूक रहना है: मोनिका गुप्ता

## ■ सरकारी एजेंसी पुलिस कभी भी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि फ्रॉड करने वाले हर दिन नए नए तरीके ढुंढ रहे है। इनसे हमें सचेत और जागरूक रहना है और दूसरे लोगों को भी जानकारी प्रदान करनी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी के साथ फ्रॉड हो भी जाता है तो वे उसकी सूचना तुरंत हेल्पलाईन न0 1930 पर दें ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

उपायुक्त एनआईसी आयोजित सेफर इंटरनेट दिवस पर आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित कर रही थी। कार्यशाला में जिला के सीएसी संचालक, बीएलई, ग्राम सचिव, सरंपच, कालेज के विद्यार्थी, पुलिस विभाग एवं उपायुक्त कार्यालय के कर्मचारियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने कहा कि आजकल कार्यालयों, बैकों, प्राईवेट हर क्षेत्र में इंटरनेट का उपयोग किया जा रहा है। इंटरनेट से जीवन सरल एवं सुगम हुआ है। लेकिन इससे कई तरह के फ्रॉड और मिसयूज भी हो रहे हैं। इसके लिए फेक कॉल, ओटीपी आदि से अकांउट भी हैक किया जा रहा है। इसमें कई बार अधिक शिक्षित लोग भी फ्रॉड का शिकार हो जाते है। उन्होंने बेवसाईट और लिंक के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी एप को डाउनलोड करते हुए विशेष ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा एक दूसरे को फ्रॉड के बारे अवश्य अवगत करवाएं। पूर्ण रूप से जागरूकता और सचेत रहना ही किसी भी तरह की फ्रॉड से बचा सकता है। उन्होंने बताया कि बच्चों, महिलाओं और युवाओं के बीच इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग को बढावा देने के लिए दुनियाभर में सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। कार्यशाला में इंटरनेट के सफल उपयोग और साईबर सुरक्षा के बारे में विस्तार से अवगत करवाया गया। आईएसईए परियोजना के तहत इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के बीच जिम्मेदारी से इंटरनेट की ऑनलाईन प्रथाओं, साईबर स्वच्छता, साईबर खतरों से जागरूकता प्रभावी शमन रणनीतियों पर विविध इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को जागरूक एवं शिक्षित करना है।

कार्यशाला में एसडीएम चन्द्रकांत कटारिया ने कहा कि हम अनजाने में भी किसी पर विश्वास कर बैठते है। व्हाटसअप पर कोई लिंक आया और झट से क्लिक कर दिया। ऐसे लिंक की आधार कार्ड, पेन कार्ड से पहचान, करें और इनकी डिटेल किसी से साझा न करें। उन्होंने कहा कि लुभावने वायदों पर जल्द ही विश्वास करके अपनी सारी जमा पूंजी गंवा देते है। शतप्रतिशत जागरूकता ही एकमात्र बचाव है। डीआईओ आस्था ने भी कार्यशाला में विस्तार से कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जानकारी दी।

# स्नातकों की समस्या समाधान के लिए तेजस्वी यादव से मिले डॉ नितेश



**संजना भारती संवाददाता**
**अरुण भारती**

**भागलपुर।** मंगलवार को कोशी स्नातकों की समस्या समाधान के लिए तेजस्वी यादव से मिले डॉ नितेश।

वही कोसी स्नातक विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी एवं युवा राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉक्टर नितेश यादव ने पटना में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से मिलकर स्नातक क्षेत्र में शिक्षकों को हो रही परेशानी वित्त रहित शिक्षकों को बकाया अनुदान एवं स्नातक बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता मिले इन सब बातों से अवगत करारा। वही साथी आने वाले विधानसभा चुनाव पर भी पार्टी एवं संगठन को मजबूत करने के लिए सुझाव दिया। जबकि नेता प्रतिपक्ष ने सरकार बनने पर सभी मांगों को पूरा करने का सकारात्मक आश्वासन दिया एवं क्षेत्र में काम करते रहने के लिए निर्देश दिया।

# नव निर्वाचित विधायक चंदन चौधरी का किया गया जोरदार स्वागत



**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संगम विहार विधानसभा से जीते नव निर्वाचित विधायक चंदन चौधरी का तुगलकाबाद एक्सटेंशन में पार्टी संगठन के मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा की ओर से तुगलकाबाद एक्सटेंशन में कई जगह जोरदार स्वागत किया गया। धर्मशाला में आयोजित भव्य कार्यक्रम में महिला नेत्री रेखा जैन, सुनीता रौतेला, सौम्य पांडे आदि ने अभिनंदन गीत से स्वागत समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय लघु एवं माध्यम उद्यम सोसायटी के महासचिव सुनील शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के डॉक्टर दानिश कमाल, महामंत्री विक्रम वेद, मनोज गोयल, बिजेंद्र चौधरी, तथा जग्गू पाठक आदि ने फूल मालाओं से विधायक चंदन चौधरी का स्वागत किया। बाद में शबनम बैंकेट हाल में पंजाबी समाज द्वारा भी स्वागत किया गया।

इस अवसर पर नव निर्वाचित विधायक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत हुई है ये जीत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत का फल है। उन्होंने कहा कि में अपने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का आजीवन सेवक बनकर सेवा करूंगा। उन्होंने कहा कि अभी मेरी शपथ भी नहीं हुई लेकिन अभी से अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को लेकर मैने काम करना शुरू कर दिया है। मेरे दरवाजे सभी के लिए चौबीस घंटे खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे क्षेत्र का प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता स्वयं को विधायक समझे और मेरे साथ मिलकर जनता की सेवा करे।

# श्री राम जानकी परिवार सेवा समिति के मुख्य कार्यकारिणी अध्यक्ष बने अनुराग कश्यप



**संजना भारती संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** श्री राम जानकी परिवार सेवा समिति के संस्थापक व मुख्य कार्यकारिणी द्वारा अनुराग कश्यप को समिति का अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुख्य कार्यकारिणी का भी गठन हुआ जिसमें महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा शालिनी जायसवाल, महासचिव नरेंद्र चौरसिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कश्यप, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरवन सिंह ठाकुर, सचिव रजत अग्रवाल, उपमहासचिव ठाकुर राहुल सिंह, उपसचिव देव कुमार गुप्ता (बाबा जी) उपाध्यक्ष धीरज रस्तोगी, उपाध्यक्ष संतोष जायसवाल, प्रदेश मंत्री रवि गांधी, प्रदेश संगठन मंत्री उमेश सोनी, प्रदेश मंत्री रवि जायसवाल, उप सचिव जीत गुप्ता को नियुक्त किया गया।

# नगर निकाय चुनाव के नामांकन हुए शुरू : उत्तम सिंह

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि नगर निकाय चुनावों की नामांकन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है, उन्होंने बताया कि मंगलवार को मेयर पद तथा निगम पार्षद के लिए कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि नगर निकाय चुनाव की घोषणा के अंतर्गत संबंधित नगर निकायों में आदर्श आचार संहिता लागू है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि करनाल नगर निगम के मेयर पद और सभी 20 वार्डों के पार्षद सदस्यों के चुनाव के लिए एडीसी यश जालुका को रिटर्निंग अधिकारी लगाया गया है। डीसी उत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान दो मार्च को करवाया जाएगा। वहीं मतगणना 12 मार्च को करवाई जाएगी। नगर निगम चुनाव के लिए प्रत्याशी 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोडकर. सभी कार्यदिवस पर नामांकन दाखिल करवा सकेंगे।

# अपर पुलिस महानिदेशक डीके ठाकुर की मां अनुराधा ठाकुर का निधन

## ■ 14 फरवरी को एकादशाह और 15 फरवरी को ब्रह्मभोज

**एसबी संवाददाता**

**मेरठ।** यूपी के तेजतर्रार वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक धुव्र कान्त ठाकुर की मां श्रीमती अनुराधा ठाकुर का आकस्मिक निधन चार फरवरी को हो गया है। दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु श्राद्धकर्म एकादशाह 14 फरवरी और द्वादशाह ब्रह्मभोज 15 फरवरी को अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन, निकट जेल चुंगी, जेल रोड, मेरठ में रखा गया है।



अपनी मां अनुराधा ठाकुर के साथ ध्रुव कांत ठाकुर

# आसा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने कहलगांव विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा

**संजना भारती संवाददाता**
**अरुण भारती**

**भागलपुर।** आप सबकी आवाज आसा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के द्वारा लगातार कहलगांव विधानसभा का दौरा जारी है। कहलगांव विधान सभा में आप सबकी आवाज (आसा) के राष्ट्रीय महासचिव सह विधान सभा प्रभारी, कहलगांव में प्रेसनजीत सिंह उर्फ हंसल सिंह ने कहलगांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में आसा पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया। हंसल सिंह के जनसंपर्क के दौरान कई गांव के सैकड़ों लोगों ने बुनियादी सुविधाओं एवं जन समस्याओं को रखा। वही कई लोगो ने राष्ट्रीय महासचिव के सामने ऐसे समस्या को भी रखा जो एक जनप्रतिनिधियों को पूरा करना चाहिए। कुछ लोगों ने वर्तमान जनप्रतिनिधि के वादों को पूरा न करने की भी शिकायत की। जनसंपर्क के दौरान हंसल सिंह ने वृद्ध महिलाओं व पुरषों की बातो को सुना। उन्होंने कहा हमारी पार्टी का मुख्य उद्देश्य हो जन सेवा के लिए गठित हुई है। राष्ट्रीय महासचिव ने जनसंपर्क के दौरान आप सबकी आवाज पार्टी को लेकर लोगों का झुकाव देखा जा रहा है।



वही आर सी पी सिंह के साथ लोगो का भरोसा बढ़ते जा रहा है और आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी बहुत ही बड़ी ताकत बनकर उभरेगी। जनसंपर्क के दौरान हंसल सिंह के साथ में आप सबकी आवाज (आसा) के युवा जिला अध्यक्ष पंकज पासवान, युवा नेता चिराग सिंह, जिला उपाध्यक्ष महेश प्रसाद नगर उपाध्यक्ष बुध भाई। साथ में कासिल गांवों के वीरेंद्र कुमार सिंह (सरपंच) पवन कुमार, अजय पंडित, सुबोध कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने की कई विभागों की समीक्षा बैठक

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/डॉ. संजय**

**हाजीपुर।** मुख्य सचिव स्तर की मंगलवारीए समीक्षा बैठक के उपरांत जिला पदाधिकारी ने कई विभागों के कार्य प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा क्रम में कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वैशाली जिला के पातेपुर, बिदुपुर, जंदाहा, लालगंज और महुआ प्रखंड में नए आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जाना है। पातेपुर और बिदुपुर प्रखंड में भूमि का चयन कर लिया गया है। कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विद्यालय में डिजिटल सेंटर का अधिष्ठापन प्रक्रियाधीन है।



जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि वैसे 80 पंचायत जहां 500 से अधिक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की आबादी है, लेकिन सामुदायिक भवन सह वर्कशेड नहीं है, शीघ्र भूमि चिन्हित करते हुए कार्य पूर्ण कराया जाए। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस द्वारा बताया गया कि महिला पर्यवेक्षक की 42 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती से नियोजन के लिए काउंसलिंग कार्य पूर्ण करने के उपरांत कुल 145 अभ्यर्थियों का औपबंधिक मेधा सूची तैयार कर जिला एनआईसी के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल एवं शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।बैठक में बताया गया कि वन स्टॉप सेंटर भवन के निर्माण के लिए कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण द्वारा निविदा निकाली जा रही है। बताया गया कि जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के विभिन्न एकल पदों पर नियोजन के लिए 5 फरवरी से 20 फरवरी तक काउंसलिंग की प्रक्रिया चल रही है।जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) हाजीपुर में पालना घर खोलने के लिए जिला पदाधिकारी के स्तर से महिला एवं बाल विकास निगम को प्रस्ताव भेजा गया है।समीक्षा बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री वंदना योजना के कुल लक्ष्य 31064 के विरुद्ध उपलब्धि 23393 है जो 75.31% है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में प्राप्त आवेदन 53544 के विरुद्ध 53356 आवेदन निष्पादित किए जा चुके हैं जो कि लक्ष्य का 99.64% है।

बैठक में उप विकास आयुक्त, कुंदन कुमार के साथ समाज कल्याण विभाग,आपदा प्रबंधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम संसाधन विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सहित कई विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का पुण्यतिथि मनाया



**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का पुण्य तिथि पर भाजपा खानपुर दक्षिणी मंडल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छवि पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्प और माल्या अर्पण कर के मनाया गया पुण्यतिथि। इस कार्यकर्म का अध्यक्षता खानपुर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बम भोला सिंह के द्वारा किया गया। इस कार्य कर्म में मुख्य अतिथि भाजपा पंचायती राज जिला संयोजक बजेंद्र कुमार मुरारी सिंह, भाजपा पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश शर्मा, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, खानपुर उत्तरी अध्यक्ष अजय कुमार कुशवाहा, अशोक राम, सोने लाल पासवान, पप्पू झा, सीता कांत ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष निशा झा, कुम कुम देवी, कामनी देवी, विजेंद्र महतो एवं इस कार्यकर्म में अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर उनके छवि पर पुष्प और माल्या अर्पण किया।

# खानपुर पुलिस ने थाना कांड संख्या-03/2024 के नामजद प्राथमिकी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## ■ थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने गिरफ्तार अभियुक्त को भेजा जेल

**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर पुलिस ने बीती रात पुलिस फोर्स के साथ गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम रामनगर रेबरा में छापामारी कर खानपुर थाना कांड संख्या-03/2024 में फरार चल रहे नामजद प्राथमिकी अभियुक्त सरोज झा पिता पवन झा को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।



वही मिली जानकारी के अनुसार रामनगर गाँव के कुछ ग्रामीणों ने दबे जवान से बताया कि सरोज झा व उनके पिता पर पूर्व से भी कई कांड में प्राथमिकी अभियुक्त है। कुछ ग्रामीणों ने यह भी भयभीत होकर बताया कि सरोज झा मनबढ़ू प्रवृति का कहा है। वह अपने साथ में हथियार भी रख कर ग्रमीण सहित अन्य लोगो को भी धमकाने की बात बताया है।

वही बताते चले कि गिरफ्तार अभियुक्त के बारे में पूछने पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि खानपुर थाना कांड संख्या-03/2024 के नामजद प्राथमिकी अभियुक्त सरोज झा पिता पवन झा ग्राम रामनगर रेबरा थाना खानपुर ने वर्षो से फरार चल रहा था। जिसे बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस फोर्स के सहयोग से छापामारी कर घर से ही गिरफ्तार कर थाना लाया गया। तथा गिरफ्तारी कागजात तैयार कर गिरफ्तार नामजद प्राथमिकी अभियुक्त सरोज झा को पुलिस पदाधिकारी व चौकीदार के उचित अभिरक्षा में सरकारी वाहन से उपस्थापन हेतु माननीय न्यायालय समस्तीपुर भेजा गया है।

# खानपुर पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को किया गिरफ्तार

## ■ थानाध्यक्ष ने गिरफ्तार युवक को भेजा समस्तीपुर न्यायालय

**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर पुलिस को बीती रात गस्ती के क्रम में दूरभाष से सूचना मिला कि ग्राम मधुवन में (1) चन्द्रदेव यादव पिता राधा यादव ग्राम मधुवन-थाना-खानपुर जिला समस्तीपुर ने शराब के नशे धुत है जो हंगामा कर रहा है। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुये रात्रि गस्ती दल के पुलिस पदाधिकारी ने पुलिस फोर्स के साथ ग्राम मधुवन पहुँचकर हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया।



तथा वही शराब के नशे में हंगामा कर रहे गिरफ्तार युवक के बारे में पूछने पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक चन्द्रदेव यादव शराब के नशे में हंगामा कर रहा था। सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुये हंगामा करते युवक को गिरफ्तार कर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जाँच कर फिर नशे में धुत युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर में चिकित्सीय जांच में शराब सेवन की पुष्टि पाकर गिरफ्तार युवक के विरूद्ध खानपुर थाना सनहा संख्या-दर्ज कर गिरफ्तार युवक को थाना के पुलिस पदाधिकारी व चौकीदार के साथ उचित अभिरक्षा में सरकारी वाहन से माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन कराने हेतू भेज दिया गया है।

# नेता नहीं बेटा बनकर करेंगे सेवा: चंद्रप्रकाश सिंह



**एसबी ब्यूरो**

**तेघड़ा (बेगूसराय)।** 143 विधानसभा क्षेत्र से एयरफोर्स से सेवानिवृत्त वरीय पदाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह उर्फ आनंद ने विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं से आशीर्वाद प्राप्त कर रहें हैं। वहीं क्षेत्र के लोगों से रूबरू हो रहें हैं। श्री सिंह ने बताया कि हम लगातार दिन दुखियों की सेवा में समर्पित है। इन दिनों चंद्रप्रकाश सिंह गांव-गांव में जनसंपर्क अभियान चला रहे है। इनके समर्थकों में काफी ज्यादा खुशियां देखने को मिल रहा है। डोर-टू-डोर अभियान चलाकर विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों काफी ज्यादा सुर्खियां बटोर रहे है। इनके साथ सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहते हैं।

## आवश्यक सूचना

**तेजी** से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।

**संपर्क करें: दैनिक संजना भारती, समाचार पत्र नई दिल्ली**
**वाटसेप नम्बर: 9871221635**

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए अभियान शुरू

**एसबी संवाददाता**

**मंसूरचक(बेगूसराय)।** फाइलेरिया या हाथी पांव कुरुपता और अपंगता की बिमारी है। इससे बचाव का सबसे सरल और आसान उपाय है कि साल में एक बार चलने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) राउंड के दौरान पांच साल तक लगातार फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन किया जाए। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की टीम जब किसी के घर जाए तो उसके सामने दवा का सेवन अवश्य करें। यह बातें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार ने सोमवार को मंसूरचक पीएससी में इस अभियान का शुभारंभ करने के दौरान कही। वही उन्होंने बताया कि 10 फरवरी से 24 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मी आपके घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगे। यह दवा सरकारी अस्पताल में बिल्कुल मुफ्त में मिलेगी। उक्त मौके पर अविनाश कुमार एसटीएस, सौरव सुमन बीएचएम, राजेश कुमार बीएएम, सुशील कुमार बीसीएम, प्रकाश कुमार सिंह, अरुण कुमार आदि मौजूद थे।



# जंगल सफारी की सेवाओं व सुविधाओं का श्रेष्ठ मिश्रण होगी गुरुग्राम की जंगल सफारी: राव नरबीर सिंह

## 'जंगल सफारी में वन्य जीवों को संरक्षित रखने के लिए किए जाएंगे महत्वपूर्ण उपाय'

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम में प्रस्तावित दुनिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी में पर्यटकों को सुविधाएं भी अंतरराष्ट्रीय स्तर की मिले इसके लिए हरियाणा सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं सार्थक प्रयासों के क्रम में पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह निरन्तर देश विदेश के प्रमुख वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर व जंगल सफारी का दौरा कर, वहां वन्य जीवों को संरक्षित रखने के लिए किए गए उपायों व जंगल सफारी में आगंतुकों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा ले रहे है।

पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने परियोजना से जुड़े विभागीय अधिकारियों संग महाराष्ट्र के नागपुर स्थित गोरेवाड़ा वन्यजीव सफारी व गुजरात के जामनगर स्थित वंतारा वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को वहां दी गयी सर्वोत्तम सेवाओं व सुविधाओं का अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने



कहा कि गुरुग्राम में बनने जा रही जंगल सफारी विश्व की सबसे बड़ी जंगल सफारी होगी ऐसे में उनका प्रयास है कि दुनिया के सभी श्रेष्टतम वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर व जंगल सफारी का सर्वश्रेष्ठ मिश्रण यहां उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला में इस परियोजना के शुरू होने से पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, इस विकास से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने और सरकारी राजस्व में वृद्धि होने की उम्मीद है। राव नरबीर सिंह ने कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला को अपनी प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और ऐतिहासिक विरासत के लिए जाना जाता है। मिलेनियम सिटी में इस महत्वपूर्ण परियोजना के क्रियान्वित होने से पर्यटकों को एक अनूठा अनुभव मिलेगा। यह पहल न केवल स्थानीय पर्यटन उद्योग का समर्थन करेगी, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगी और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी। जिसमें आगंतुकों को संरक्षण प्रयासों और जैव विविधता के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री के दौरे में पीसीसीएफ (एचओएफएफ) विनीत गर्ग, पीसीसीएफ वन्यजीव विवेक सक्सेना, गुरुग्राम मंडल के वन संरक्षक सुभाष यादव, डीएफओ गुरुग्राम राजकुमार व डीडब्ल्यूएलओ रामकुमार उनके साथ मौजूद रहे।

# खंड राजौंद में गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

## खंड शिक्षा अधिकारी ने विजेता विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** खंड राजौंद में मंगलवार, 11 फरवरी को गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन समन्वयक कार्यालय राजौंद में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप ने की। खंड स्तर पर प्रतियोगिता का संचालन नोडल अधिकारी बीआरपी संदीप पाठक व सहयोगी स्टाफ बीआरपी सुनीता, बीआरपी गुलदीप, बीआरपी दीपिका ने साथ मिलकर किया। प्रतियोगिता में क्लस्टर स्तर से आए विभिन्न कक्षा वर्ग के कुल 83 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के लिए बुलाए गए जजों ने निष्पक्षता एवं निष्ठा से प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाना और अध्ययन को रोचक बनाना था। प्रतियोगिता का आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हुआ और इसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप के द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं दी गई तथा जिला स्तर पर खंड राजौंद का नाम रोशन करने के लिए आशीर्वाद दिया।



### प्रतियोगिता का आयोजन चार स्तर में किया गया

**पहला स्तर (कक्षा 4 से 5)**
**प्रथम स्थान:** जीपीएस नरवल: दुर्वेश व केशव
**द्वितीय स्थान:** जीपीएस नंदकरण माजरा: सुशील कुमार व कृष्ण कुमार
**दूसरा स्तर (कक्षा 6 से 8)**
**प्रथम स्थान:** सोंगरी गुलियाना से आर्व व सारिका
**द्वितीय स्थान:** जीजी एस एस एस जाखौली से शगुन और दीक्षा
**तीसरा स्तर (कक्षा 9 से 10):**
**प्रथम स्थान:** जीजी एस एस एस रोहेड़ा से ईशा व वंशिका
**द्वितीय स्थान:** जी एस एस एस सोंगरी गुलियाना से कनिका और तन्वी
**चौथा स्तर (कक्षा 11 से 12):**
**प्रथम स्थान:** जीजी एस एस एस जाखौली से भारती व तन्नू
**द्वितीय स्थान:** जी एस एस एस सेहरदा से आशु व सोनी

# धान से मूर्ति बना पर्यटकों की वाहवाही लूट रहे मूर्तिकार अर्जुन मुंडा



**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** सूरजकुंड की वादियों में लगा 38 वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, देश विदेश के पर्यटक साल भर मेले का बेसब्री से इंतजार करते है। इस बार मेले में दो थीम स्टेट ओडिशा और मध्य प्रदेश अपनी अपनी संस्कृति और कारीगरी से आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

स्टाल प्रबंधक अर्जुन मुंडा ने बताया कि वो पिछले 15 साल से धान की मूर्तियां बना कर लोगों के मन में अपनी जगह बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कला उन्होंने अपने पिता से सीखी है, उनके पिता सदाशिव मुंडा अपनी कला को लेकर राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर सम्मानित भी हो चुके हैं।

मूर्तिकार अर्जुन बताते हैं कि एक मूर्ति बनाने में उनको तीन से चार दिन लगते है जिसके लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इस काम में उनकी अर्धांगिनी उनका सहयोग करने का हर संभव प्रयास करती हैं, उनके द्वारा बनाई गई मूर्तियां लोगों को बेहद पसंद आ रही है। मेले में दर्शक मूर्तियां खरीदने के साथ उनकी कारीगरी की प्रशंसा भी कर रहे है। अर्जुन मुंडा का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड जैसे मेलों का आयोजन और भी होना चाहिए, जिससे कारीगरों को अपनी कारीगरी दिखाने का मौका मिल सके।

# गीता जयंती महोत्सव के दौरान शोभा यात्रा में सामाजिक व शिक्षण संस्थाओं के प्रतिभागियों को किया सम्मानित



**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने गीता जयंती महोत्सव के दौरान शोभायात्रा में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं तथा शिक्षण संस्थाओं के प्रतिभागियों को मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी आप सभी का इसी प्रकार से जिला प्रशासन का सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि करनाल की सामाजिक संस्थाएं समाज सेवा के कार्य में अहम भूमिका में रहती है और प्रशासन को भी समय-समय पर अपना भरपूर सहयोग देती है।

एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने निफा व आर पी एस इंटरनेशनल स्कूल, सिटीजन ग्रीवेंसीज कमेटी व दिल्ली पब्लिक स्कूल, भारत विकास परिषद (अभिमन्यु, सूरज, कर्ण, माधव, राधा कृष्ण, कृष्ण शाखा)व एस बी एस सीनियर से0 स्कूल, लक्ष्य जनहित सोसाइटी व वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल, पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल, अपना आशियाना, जन सेवा दल व निशान पब्लिक स्कूल, अग्रवाल सभा सेक्टर-7 व ओ पी एस विद्या मंदिर, एम डी डी बाल भवन व सेंट थेरेसा कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आर्य केंद्रीय सभा व निर्मल पब्लिक स्कूल, माँ झंडेवाली सेवा समिति व विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्रयास फाउंडेशन व दून ग्रुप ऑफ स्कूल, सनातन धर्म मंदिर सभा व एस डी आदर्श पब्लिक स्कूल, करनाल जागृति मंच व बाबा राम दास विद्या पीठ, श्री राधा कृष्ण गौशाला व एसडी बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल राम नगर, हरियाणा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज व श्री कृष्ण प्रणामी स्कूल, अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा करनाल व श्री राम चरीत मानस सी से स्कूल, रघुनाथ मंदिर सभा व श्री रघुनाथ हाईस्कूल, लायंस क्लब करनाल व कर्ण पब्लिक स्कूल को सम्मानित किया।

# अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला के लोगों की सुनी समस्याएं

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव ने लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आज जिला के लोगों की समस्या सुनी और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द इन समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

निशा यादव ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार जिले के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिदिन हर कार्य दिवस को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक उपायुक्त कार्यालय पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर से स्वयं मुख्यमंत्री जुड़ते है और समाधान शिविर में आई हुई समस्याओं की मोनिटरिंग स्वयं करते है। निशा यादव ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा



कि वे प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का निदान करें।

अतिरिक्त उपायुक्त ने आज समाधान शिविर में जिला के 6 लोगों की समस्याएं सुनी और उनका जल्द से जल्द समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होने जिलावासियों से समाधान शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं रखकर उनका जल्द से जल्द निवारण करवाने की अपील की। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, नगराधीश विश्वनाथ, नगर निगम पंचकूला, नगर परिषद कालका, जिला राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, जिला विकास एवं पंचायत विभाग, जनस्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग, पीडब्लयूडी बीएंडआर, महिला बाल विकास विभाग, मतस्य विभाग, मौलिक शिक्षा विभाग, वन विभाग, आयुष विभाग, कृषि एवं पशुपालन विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए 14-15 फरवरी को होगा ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के मार्गदर्शन में हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए 14-15 फरवरी को दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी विशिष्ट अतिथि व अनेक राज्यों के विधान सभा अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। इस संबंध में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण सभी तैयारियों का जायजा ले रहे हैं और सभी प्रबंधों को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। विधायकों का प्रशिक्षण विधान सभा के सदन में होगा, इसके लिए सदन समेत पूरे परिसर में विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। इस दौरान लोक सभा की ओर से संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान की टीम विधायकों को



विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण देगी। उल्लेखनीय है कि 15वीं विधान सभा के गठन के बाद लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला पहली बार हरियाणा विधानसभा आ रहे हैं। उनके स्वागत हेतु सभी पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

मुख्य अतिथि के गार्ड ऑफ ऑनर के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। हरियाणा के विधायकों के लिए यह गर्व की बात है कि लोक सभा अध्यक्ष के सानिध्य में यह कार्यक्रम करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

### हरियाणा में छात्रों के लिए 150 किलोमीटर तक मुफ्त बस पास सुविधा जारी

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन विभाग द्वारा 5 जुलाई 2024 से



पूर्ववर्ती सरकार के 60 किलोमीटर व रिहायती बस पास सुविधा को बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त/ राज्य के बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से संबंधित सभी स्कूल/कालेज/संस्थानों के सभी विद्यार्थियों (लड़के एवं लड़कियां दोनो) को 150 किलोमीटर तक के लिए मुफ्त बस पास सुविधा प्रदान की हुई है। विभाग द्वारा इस सुविधा में कोई भी बदलाव नहीं किया गया है तथा यह सुविधा पूर्व की तरह लागू है।

# जे.सी. महिला महाविधालय में साप्ताहिक एन.एस.एस. शिविर का हुआ शुभारम्भ




**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** जीवन चानन महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एन.एस.एस के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्या रेखा शर्मा, एन.एस.एस.कार्यक्रम अधिकारी मनीषा फोगाट, एन.एस.एस. सलाहकार समिति सदस्य और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। साप्ताहिक कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक रमेश बतरा व सचिव सुशील गर्ग की देखरेख में किया गया।

इसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं ने एन.एस.एस. गीत गाकर की गई। शुभारंभ समारोह में स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी मनीषा फोगाट ने कहा कि एन.एस.एस. शिविर समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों के योगदान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह छात्राओं को न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व का अहसास कराता है, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होता है। कार्यक्रम अधिकारी मनीषा फोगाट ने स्वयंसेविकाओं को इन आने वाले सात दिनों में किए जाने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

उद्घाटन समारोह के बाद, स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न सामाजिक कार्यों में भाग लेना शुरू किया। दोपहर 2 बजे पुलिस अधिकारी ए.एस.आई. अजय द्वारा स्वयंसेविकाओं को रोड सेफ्टी पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ ने स्वयंसेविकाओं को सड़क पर सुरक्षित रहने के विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी दी। व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेविकाओं को सिखाना था कि किस तरह से वे सड़क पर सुरक्षित यात्रा कर सकती हैं और हादसों से बचने के लिए किस प्रकार की सावधानियां बरतनी चाहिए। इसके बाद प्राध्यापिका किरण तनेजा ने डिजिटल इंडिया पर व्याख्यान दिया। इसके बाद पहले दिन के अंत में, स्वयंसेविकाओं ने अपनी जिम्मेदारियों और कार्यों के प्रति समर्पण दिखाया और एक साथ मिलकर सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डॉ. हेमलता शर्मा, डॉ. सिमरत पाल, आशा बतरा, छवि मोंगिया, डॉ. नीतू सेठी, सुषमा शर्मा, ज्योति सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# करियर काउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थी पा सकते हैं अपार सफलता: एडीसी कैथल

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौंद में हरियाणा सरकार द्वारा प्रायोजित करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एडीसी कैथल दीपक बाबू लाल करवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप, प्रिंसिपल विजेंद्र सिंह व स्टाफ सदस्यों ने एडीसी महोदय का फूल गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया।

एडीसी द्वारा चार करोड़ रुपए से अधिक राशी से बनी स्कूल की नव निर्मित इमारत व कक्षाओं का अवलोकन किया। उन्होंने बिल्डिंग का बहुत ही बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद और राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद के विद्यार्थियों से करियर काउंसलिंग पर बातचीत की। उन्होंने बताया कि बिना करियर काउंसलिंग के आजकल सफल होना बहुत ही मुश्किल है। इसके लिए विशेषकर ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को बहुत ही ज्यादा आवश्यकता होती है।क्योंकि ये कक्षाएं अपनी स्कूली शिक्षा पूर्ण करके बाहर



जाने वाली है। इसके लिए सबसे पहले सही स्ट्रीम का चुनाव करना बहुत जरूरी है। इसके बाद एक विद्यार्थी सही निर्णय अपने करियर के बारे में ले सकता है। इसके बाद सही पढ़ाई करना, ज्ञान अर्जित करना, अच्छे नंबरों के साथ अपनी कक्षा पास करना बुनियादी पड़ाव है। विद्यार्थी के लिए एक अच्छे इंस्टीट्यूशन का चयन भी बहुत जरूरी है। जहां जाकर आप अपने मन मुताबिक कोर्स करके, अपने हौसलों की उड़ान भर सकते हो। सफलता का कोई शर्ट कट नहीं होता। इसके लिए कड़ी मेहनत, लगन, हिम्मत, जनून, निरंतरता के साथ आगे बढ़ना पड़ता है।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आप पुलिस, आर्मी, मेडिकल, इंजीनियरिंग, साइंटिस्ट, एनडीए के माध्यम से सेना में अफसर, आईआईटी, टीचर, बी एस एफ, सीआरपीएफ आदि क्षेत्रों में जा सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों से सवाल- जवाब भी किए।

एक छात्रा ने कहा कि मैं टीचर बनना चाहती हूं। छात्रा ने कहा कि मुझे मेरे टीचर ने इस बारे में बताया था कि पहले मुझे बीएससी करनी है, फिर बीएड, फिर एम एस सी करनी पड़ेगी। उसके बाद एडीसी महोदय ने बताया कि अगर आप हरियाणा के टीचर बनना चाहते है तो आपको एचटेट भी पास करना होगा। और यदि आप नवोदय विद्यालय के टीचर बनना चाहते हो तो आपको सीटेट भी पास करना होगा।

इस अवसर पर बलबीर कश्यप खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन संयोजक राजौंद, प्रिंसिपल विजेंदर सिंह, प्रिंसिपल अजय सिंह, भूपेंद्र सिंह, गुरदीप सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# संस्कृति मॉडल स्कूल असंध में प्रार्थना के बाद बच्चों ने किया सूर्य नमस्कार



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** संस्कृति मॉडल स्कूल असंध में मंगलवार को प्रार्थना के बाद सूर्य नमस्कार करवाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को योग के महत्व से अवगत कराना और उन्हें शारीरिक और मानसिक फिटनेस के लाभ के प्रति संवेदनशील बनाना है। मुख्य शिक्षक मैनपाल मान ने बताया कि प्राचीन योग क्रिया सूर्य नमस्कार शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए अत्यंत फायदेमंद है।

मैनपाल मान ने कहा कि आज की वेस्ट एवं स्टैरस भरी जिंदगी में मनुष्य के पास अपनी सेहत की देखभाल को लेकर वक्त नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सूर्य नमस्कार संपूर्ण बॉडी एक्सरसाइज है। यदि हम प्रतिदिन सुबह शाम सिर्फ 5 से 10 बार भी सूर्य नमस्कार करने की आदत बना ले तो यह स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित हो सकता है। इससे विभिन्न शारीरिक अंगों को सक्रिय करने के साथ ताजगी और मानसिक शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से योग करने वाला व्यक्ति किसी भी चुनौती का सामना कर सकता है। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए। पहला सुख निरोगी काया है। योग रोग को काटने का मंत्र है।

योग सहायक अनु ने कहा कि योगासन बहुत ही आसानी से हम अपने घर की छत पर भी कर सकते हैं। योग सहायक ने कहा कि सूर्य नमस्कार ऋषि मुनियों की देन है नई शिक्षा नीति में भी योग पर बोल दिया गया है। बच्चों ने योग का उपयोग करने और माता-पिता को प्रेरित करने की शपथ ली।

# एडवोकेट सोनिया बोहत कांग्रेस पार्टी में शामिल, पूर्व विधायक शमशेर गोगी ने पटका पहनाकर किया स्वागत



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** नगरपालिका असंध चेयरमैन पद का चुनाव लड़ चुकी एडवोकेट सोनिया बोहत कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गई। पूर्व विधायक शमशेर गोगी ने सोनिया बोहत का पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सोनिया बोहत को कांग्रेस पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। गोगी ने कहा कि नगरपालिका का चुनाव सिंबल पर लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगी। गोगी ने कहा कि जिताऊ उम्मीदवार को चुनाव में उतारा जाएगा और मुझे विश्वास है शहरवासी कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को जिताने का काम करेगें।

एडवोकेट सोनिया बोहत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की है। एडवोकेट सोनिया बोहत ने आरोप कि पूर्व चेयरमैन सतीश कटारिया द्वारा डुप्लीकेट प्रमाण पत्र का प्रयोग किया गया। उन्होंने कहा कि आगामी 2 मार्च को होने वाले उप चुनाव में नगर की जनता यह देखेगी कि किस व्यक्ति या किसकी लापरवाही के कारण उप चुनाव हो रहा है। आपको बता दें कि एडवोकेट सोनिया बोहत ने ही पूर्व चेयरमैन सतीश कटारिया के खिलाफ कोर्ट में लड़ाई लड़ी है और कोर्ट के आदेश पर ही चुनाव हो रहा है।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता जितेन्द्र चोपड़ा, पार्षद संदेश जिंदल, पूर्व मंडी प्रधान रामनिवास जिंदल, रोकी मद्व, मुनीष सिंगला, लक्की हरचंदिया, गौरा विर्क, अनिल शर्मा, सेवा सिंधड सहित अन्य मौजूद रहे।